हिन्दी पाक्षिक

सेमन्या कणवघाटी

RNI No.: UTTHIN/2013/54659

वर्ष-11 अंक-13 हरिद्वार, बुधवार, 15 मई, 2024 मूल्य-दो रूपया मात्र पृष्ठ-8

उत्तराखंड चारधाम यात्रा में उमड़ रही भीड़

सचिव स्तर के 3 अफसरों को सौंपी गई अहम जिम्मेदारी

देहरादून (संवाददाता)। उत्तराखंड में चारों धामों के कपाट खुलते ही चारधाम यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है. काफी संख्या में श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन करने पहुंच रहे हैं. सभी धामों में अत्यधिक भीड़ लग रही है. दर्शनों के लिए लंबी-लंबी लाइनें लग रही है, इसके बावजूद श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है.

चारधाम में उमड़ी भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ा निर्णय लिया है. जिसके तहत सचिव स्तर के 3 अधिकारियों को चारधाम यात्रा क्षेत्र वाले तीनों जिलों की जिम्मेदारी सौंपी है. ताकि, उत्तराखंड में सुगम, सुरक्षित, सुलभ और सुव्यवस्थित तरीके से चारधाम यात्रा संचालित हो सके.

दरअसल, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से चारधाम यात्रा से जुड़ी तमाम विषयों को लेकर बातचीत की थी. साथ ही चारों धामों के लिए सचिव स्तर के 3 अधिकारियों के नियुक्ति के निर्देश दिए थे. इसके बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार को रुद्रप्रयाग जिला, एसएन पांडे को चमोली जिला और आपदा सचिव रंजीत कुमार सिन्हा को उत्तरकाशी जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

तीनों अधिकारी अपने अपने जिलों में यात्रा व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करेंगे. साथ ही ये तीनों अधिकारी जिलों के जिलाधिकारी से फीडबैक लेकर शासन स्तर पर सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से चारधाम यात्रा संपन्न कराने की दिशा में काम करेंगे. उत्तराखंड में चारधाम यात्रा संचालन में किसी भी तरह की अव्यवस्था ना हो, इसको लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दे रहे हैं.

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में सुगम, सुरक्षित, सुलभ और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है. साथ ही राज्य सरकार का प्रयास है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े.।

परशुराम जन्मोत्सव की धूम, ब्राह्मण जागृति संस्था ने निकाली विशाल शोभायात्रा

Galaxy M14 5G

हरिद्वार (संवाददाता)। भगवान विष्णु के छठे अवतार और ब्राह्मण समाज के इष्ट देव भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज हरिद्वार के भेल क्षेत्र में ब्राह्मण जागृति संस्था द्वारा भव्य व दिव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। हरिद्वार की सभी ब्राह्मण संस्थाओं के पदाधिकारियों व जागृति संस्था के अध्यक्ष व सचिव द्वारा सभी विप्र जनों को तिलक लगाकर व पटका पहनाकर शोभायात्रा आरम्भ की गयी, यात्रा शिवालिक नगर शिव मंदिर से आरम्भ होकर, भेल मध्य मार्ग भगतसिंह चौक, परशुराम चौक होते हुये गोविन्द घाट पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में परशुराम अखाड़े द्वारा शस्त्र विद्या का प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्य रूप से अधीर कौशिक जी का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट लोगों में नितिन गौतम, पदम प्रकाश शर्मा, मनोज गौतम, विकास तिवारी, संजय पालीवाल, विमला पांडे जी, दिनेश पांडे, गौरव भारद्वाज,नितिन शर्मा, संजय पाराशर, राजकुमार शर्मा केतन भारद्वाज, रवि मिश्रा, बालकृष्ण शास्त्री, विकास शर्मा, मनोज मिश्र, आदि गणमान्य विप्रजन उपस्थित रहे।

इस शोभायात्रा में धार्मिक जीवंत झांकियां, ढ़ोल व डीजे पर भजनों ने यात्रा को मनमोहक बना दिया। भगवान श्री परशुराम जी के अनुयाई शोभा यात्रा में शामिल होकर शहर वासियों को धार्मिक संदेश देते रहे। इस दौरान शोभा यात्रा का सनातनियों द्वारा जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग वाहनों में चल रहे थे। हाथों में भगवा ध्वजाएं लिए ये लोग जिस भी रास्ते से निकले लोगों ने स्वागत किया। जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। इस शोभा यात्रा द्वारा ब्राह्मण समाज ने एकजुटता का संदेश दिया। इससे पूर्व ब्राह्मण जागृति संस्था द्वारा अक्षय तृतीया को परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास व विधि विधान से मनाया गया। ब्राह्मण समाज के लोगों ने प्रसाद वितरण भी किया।

यात्रा के दौरान श्री भगवान परशुराम के नारों से शहर गूंजायमान हुआ। लगभग चार घंटे तक आयोजित इस शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया।

यात्रा के समापन के पश्चात गोविंद घाट पर आरती पूजन और प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, सचिव संजय शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, आर के कौशिक, उपेंद्र शर्मा सुजीत शुक्ला,सुशील त्रिपाठी, शानू शर्मा, मनोज शुक्ला,तरुण शुक्ल, दीपक शर्मा,मुकेश शर्मा, अनिल वशिष्ठ, कुलदीप कौशिक, ओ एन शुक्ला उमेश पाठक,रमेश पाठक मोहित शर्मा, यतीन्द्र शर्मा, पंकज शर्मा, कपिल शर्मा, शंभू पंत, विवेक कौशिक इंद्रपाल शर्मा,आशीष झा, बृजेश शर्मा, हृदय नारायण त्रिपाठी, संदीप शुक्ला अरुण शुक्ला, अनिल शर्मा , आशीष शुक्ला, राजीव कौशिक आदि सैकड़ों विप्र बंधु सहयोगी रहे।

डीएवी सेंटनरी पब्लिक स्कूल का इंटर का परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिद्वार, संवाददाता। सोमवार को घोषित किए गए सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम में डीएवी जगजीतपुर का बारहवीं का परिणाम 100 फीसदी रहा। 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान वर्ग के प्रखर जैन अव्वल रहे। प्रखर जैन ने फ़िजिक्स, गणित और कम्प्यूटर में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। दूसरे स्थान पर मानविकी की श्रेया मालसी रही। 98.2 फीसदी अंक प्राप्त करने साथ श्रेया मालसी ने पॉलिटिकल साइंस में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। मानविकी की आस्था सान्याल ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

वाणिज्य संकाय में 94.6 फीसदी अंको के साथ आशी पुण्डीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंटर की परीक्षा में शामिल हुए स्कूल के 216 छात्र-छात्राओं में से 35 ने 90 फीसदी से अधिक, 126 ने 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। प्रधानाचार्य मनोज कुमार कपिल ने सभी छात्र-छात्राओंको बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य का कामना की तथा सभी अध्यापक अध्यापिकाओं को छात्रों का इसी प्रकार मार्गदर्शन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

पौड़ी डीएम ने पेयजल संकट वाले क्षेत्रों की रिपोर्ट तलब की

पौड़ी। जिलाधिकारी पौड़ी ने शुक्रवार को मुख्यालय में जल संरक्षण और संवर्धन समिति की बैठक ली। जिसमें अफसरों को निर्देश दिए कि जल संरक्षण अभियान के तहत बनाए जा रहे प्लान में जनपद की कोई तीन नदियों सहित उसकी २० सहायक नदियों को शामिल किया जाए। साथ ही हर ब्लाक से १०-१० जल स्रोतों को शामिल करना भी सुनिश्चित करे।उन्होंने कहा कि जो जल स्रोत पुनर्जीवित करने के लिए कार्ययोजना में शामिल किए जाए वे २० सहायक नदियों से ही संबंधित हो। इसके साथ ही जिले में जिन क्षेत्रों में पेयजल जल संकट है वहां अभी तक क्या कदम उठाएं गए है उसकी रिपोर्ट भी तत्काल देने को कहा गया।

सम्पादकीय

जिंदगी का अनुभव

जीवन में उपलब्धियां हासिल करना कठिन नहीं होता, बस इसके लिए तो व्यक्ति को हर छोटे से छोटे अनुभव को सबक के रूप में सीखना होता है। इसके बाद उस सबक से शिक्षा लेकर जिम्मेदारी के साथ संघर्ष के मोड़ पर चलना होता है। जब व्यक्ति संघर्ष करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है तो अनेक छोटी-मोटी बाधाएं घबराकर अपना रास्ता मोड़ लेती हैं और बड़ी बाधाएं आत्मविश्वास से लबालब भरे व्यक्तियों के पैरों तले रौंद दी जाती हैं।जिंदगी भी पर्वतारोहण की तरह होती है, इसमें पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए।' जिंदगी ईश्वर का एक नायाब तोहफा है। जीवन में कुछ लोग अपनी उपलब्धियों की छाप इस कदर छोड़ जाते हैं कि उनके जाने के बाद भी कोने-कोने में उनके गुणों की प्रतिध्वनि सुनाई देती है। कामयाबी तभी संभव है जब लोग वास्तव में अनुभव की पाठशाला से सबक सीखें। यों तो लोगों को हर दिन असंख्य अनुभव होते हैं और कई लोग तो उनसे कुछ भी नहीं सीखते। हर दिन के अंत में आपको अपने प्रदर्शन के टेप को चलाना चाहिए। परिणाम या तो आपका उत्साह बढ़ाएंगे या आपको प्रेरित करेंगे। अनुभव सर्वश्रेष्ठ शिक्षक तभी हो सकता है जब हम उसकी तह में जाकर उसका मूल्यांकन करें, उस पर चिंतन करें और यह संकल्प लें कि उस अनुभव के कारण जो असफलता मिली है, वह आगे न दोहराई जाए। जिस तरह विद्यार्थी एक कक्षा से अगली कक्षा में जाकर विकास करते हैं, उसी तरह अनुभव की पाठशाला में जाकर उससे सबक ग्रहण करें, आगे बढ़ें और विकास करें। तभी आप यह गर्व से कह पाएंगे कि अनुभव सर्वश्रेष्ठ शिक्षक होता है।

क्या खारे पानी की वजह से भद्दे दिखने लगे हैं घर में लगे नल

घर में साफ़-सफाई के लिए महिलाएं कई जतन करती हैं और खासतौर से बाथरूम पर ध्यान देती हैं ताकि घर आए मेहमानों के सामने कभी शर्मिंदा ना होना पड़े। लेकिन महिलाओं की मेहनत तब विफल हो जाती हैं जब घर में लगे नल खारे पानी की वजह से दाग-धब्बों युक्त हो जाते हैं और भद्दे दिखने लगे हैं। साफ करने के बाद भी ये आसानी से साफ़ नहीं होते हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ आसान नुस्खें लेकर आए हैं जिन्हें आजमाकर आप घर में लगे इन नल की सफाई करते हुए नई जैसी चमक दे सकते हैं। इन नुस्खों की मदद से जिद्दी खारे पानी के दाग आसानी से दूर हो जाएंगे। तो आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

बेकिंग सोडा -=खाने के अलावा आप बेकिंग सोडा को घर की सफाई में भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह नल पर लगे दाग को साफ करने में भी कारगर माना गया है। 1 कप गुनगुने पानी में 2 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर स्प्रे बॉटल में भरें। अब इसे नल पर स्प्रे करें और कुछ देर रहने दें। 10-15 मिनट के बाद क्लीनिंग या किसी पुराने टूथब्रश से साफ करें। इससे टैप पर जमा गंदगी वह दाग साफ हो जाएगी।

डिशवॉश लिक्विड -आप घर पर इस्तेमाल करने वाले डिशवॉश लिक्विड को नल साफ करने में यूज कर सकती हैं। यह। नल पर जमा गंदगी साफ करके उसे एकदम चमकदार बनाएगा। इसके लिए एक बाउल में 1 कटोरी गुनगुना पानी, 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस और 2-3 बूंदें डिशवॉश लिक्विड की महिलाएं। मिश्रण को स्पंज में भिगोएं फिर इससे नल की सफाई करें। नल को अंदर से साफ करने के लिए कोई पुराने टूथब्रश यूज करें। कुछ ही मिनटों में आपका नल एकदम नया व चमकदार नजर आएगा।

नींबू और खाने का सोडा-नींबू और खाने का सोडा जिद्दी से जिद्दी दाग छुड़ाने के काम आता है। इसके लिए आप थोड़ा सा सोडा लें उसमें आधा नीबू निचोड़ लें। आप इस मिश्रण को नल के आसपास लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। उसके बाद नल को अच्छे से रगड़ कर साफ करें और साफ पानी से धो दें। अंत में सूखे कपड़े से नल को पोंछना ना भूलें।

टोमेटो सॉस-टोमेटो सॉस का इस्तेमाल भी आप खारे पानी के जिद्दी दाग छुड़ाने में कर सकते हैं। इसके लिए आपको टोमेटो सॉस नल के ऊपर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर टूथ ब्रश की सहायता से रगड़ कर साफ करें। धोने के बाद सूखे कपड़े से पोंछ दें। यह तीनों प्रक्रिया में से कोई भी एक उपाय आप हफ्ते में एक बार जरूर करें।

नींबू या विनेगर- नल पर लगे खारे पानी के जिद्दी दाग हटाने के लिए आप विनेगर या नींबू के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए नल पर नींबू के रस का या विनेगर का स्प्रे करके 15-20 के लिए छोड़ दें।

बेटी बचाओ के धुर खिलाफ हैं दुराचारी नेताओं के कारनामे!

मनोज कुमार अग्रवाल

राष्ट्रवाद के परचम को लेकर सबका साथ सबका विकास और बेटी पढाओ बेटी बचाओ के नारी सम्मान व सुरक्षा के नारे को शिरोधार्य कर भाजपा नीत राजग सरकार दस साल पूरे कर एक बार फिर जनमत हासिल करने के लिए प्रयत्नशील है। लेकिन राजग में में शामिल जनता दल सेकुलर के एक मोजूदा सांसद प्रज्वल रेवन्ना की सैक्स टेप कांड से तहलका मचा है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के सांसद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं से दुष्कर्म करने और उनके अश्लील वीडियो बनाने के गंभीर आरोप हैं। देवेगौड़ा जनता दल सेक्यूलर के संरक्षक हैं और रेवन्ना इसी पार्टी से कर्नाटक के हासन से सांसद है। इस बार भी वह जद (एस) के टिकट पर हासन से चुनाव मैदान में है, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। मतदान के अगले दिन ही दर्जनों अश्लील वीडियो वारयल हो गए, जिनमें कथित तौर पर अलग-अलग महिलाओं के साथ रेवन्ना नजर आ रहे हैं। उसी दिन से इस प्रकरण पर राजनीतिक बवाल मचा हुआ है।आपको बता दें कि मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है एसआइटी ने पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पुत्र कर्नाटक के पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक एचडी रेवन्ना और मौजूदा सासंद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अपहरण बलात्कार समेत महिला सम्मान को आघात पहुचाने व आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है।एचडी रेवन्ना को गिरफ्तार किया गया है जबकि प्रज्वल रेवन्ना के लिए रेडकार्नर लुकाउट नोटिस जारी किया गया है।

यह मामला आजादी के 75 साल के इतिहास में किसी राजनीतिक द्वारा किया गया सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल है जिसकी सीडी एक बेहद घटिया घिनौनी बर्बर दरिंदगी का हवाला दे रही है। इस बेहद शर्मसार करने वाले प्रकरण से विपक्ष को मौका मिला तो कांग्रेस आरोप लगा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे व्यभिचारी के लिए वोट मांगे, उन्हें माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, कांग्रेस यह भी आरोप लगा रही है कि केंद्र सरकार ने आरोपित को विदेश भागने में मदद की। दूसरी ओर, भाजपा आरोप लगा रही है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार क्या कर रही थी? वीडियो वायरल होने के बाद उसने कोई संज्ञान लेकर कार्रवाई क्यों नहीं की?दोनों दलों के आरोप अपनी-अपनी जगह सही प्रतीत हो रहे हैं। अब कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और रेवन्ना के विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। लेकिन नेताओं की शर्मनाक हरकत यही सीमित नहीं हैं कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के आबकारी मंत्री आरवी तिम्मापुर ने दुष्कर्म के आरोपी रेवन्ना की तुलना भगवान श्री कृष्ण से कर ने विवाद को जन्म दिया है।

बहरहाल राजनीतिक बयानबाजी अलग विषय है, किन्तु यह अत्यंत गंभीर मामला है कि इतने दुष्कर्म के आरोपों से घिरा व्यक्ति भारत की संसद का एक माननीय सदस्य है।और दोबारा लोकसभा की सदस्यता का दावेदार भी है। 26 अप्रैल को उस का भाग्य ईवीएम में दर्ज हो चुका है। हालांकि रेवन्ना के पिता सफाई दे रहे हैं कि सीडी में कैद उस की कथित दुराचार भरी करतूतें कई साल पहले की है जब वह इस हद दर्जे का अय्याश और दुराचारी है तो ताज्जुब की बात यह है कि राजनीतिक हैकडी दबंगई सत्ता की हनक के बूते पर रेवन्ना सैकड़ों युवतियों महिलाओं के साथ व्यभिचार कर उनकी रोते बिलखते और बख्श देने के लिए गिड़गिड़ाते हुए कई सीडी बनाकर व्यभिचार करता रहा। इस सारे मामले पर विचार करेंगे तो प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं का यौन शोषण कर अपने अहम की तुष्टि करने की मानसिक बीमारी से ग्रस्त है क्योंकि बताया गया है कि कुल 2976 क्लिप विभिन्न सीडी में दर्ज है करीब चार सौ युवतियों महिलाओं के दैहिक शोषण का शिकार बनाया गया है। सबसे दुखद घटना के इस दुराचारी किरदार का मामले का भांडा फूटते हीआसानी से देश से विदेश भाग जाना भी शर्मनाक है । न कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने उसे रोका और न ही केंद्र की भाजपा सरकार ने। जाहिर है कि सत्ता राजनीतिक पहुंच रखने वाले दबंग लोग कानून को पैरों तले रोंदते हैं मानो यदि किसी के पास पैसा व पहुंच है तो वह जो मर्जी अपराध करके भाग सकता है क्या ,कानून बाद में लकीर पीटने के लिए बना है?

गौरतलब है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार की अपेक्षाकृत छवि साफ मानी जाती है, किन्तु उनकी पार्टी के नेताओं पर भी समय समय पर महिलाओं से दुराचार दुष्कर्म के गंभीर आरोप लग रहे हैं चाहे वह उत्तर प्रदेश का विधायक कुलदीप सेंगर गोंडा के भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह साक्षी महाराज या फिर अब भाजपा की सहयोगी पार्टी जेडीएस के सांसद प्रज्वल रेवन्ना हों, सब किरदारों पर एक ही जैसे महिला शोषण दरिंदगी के अत्यंत गंभीर आरोप लगे हैं । पार्टी ने तब तक उनके विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया जब तक कि अदालत ने सजा न सुना दी। आप को बता दें कि सेंगर को सजा होने के बाद ही पार्टी से निलंबित किया गया। ब्रजभूषण पर देश का नाम रोशन करने वाली अंतरराष्ट्रीय पहलवानों ने शोषण के गंभीर आरोप लगाए, लेकिन सरकार ने उसे कुश्ती महासंघ के पद से हटाना तक जरूरी नहीं समझा। अब महिला पहलवानों के व यौन शोषण का मुद्दा पुनः जोर न पकड़ ले और चुनाव में नुकसान न हो जाए, इसलिए उसका टिकट तो काट दिया, लेकिन उसके बेटे को ही टिकट दे दिया। इसी तरह, कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से कार्यकाल पूरा होने के बाद ब्रजभूषण तो हट गये, पर उन के अपने सहयोगी? को ही अध्यक्ष बनवा दिया। क्या ये दुराचार के आरोपी नेता राजनीतिक रूप से इतने दबंग हैं कि उन पर हाथ डालने की हिम्मत ही नहीं है? या उनके सहयोग के बिना सत्ता में लौटना सम्भव नहीं है। फिर बाकी दलों में और भाजपा में क्या अंतर रह जाता है? यदि हालात ऐसे हैं तो %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं जैसे नारे निरर्थक हैं। इसी तरह, चुनाव में वोट बटोरने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी भले ही रेवन्ना को लेकर आक्रामक हों, किन्तु जब राजस्थान में उनकी सरकार थी और हर दूसरे दिन बच्चियों से दुष्कर्म के मामले आते थे तब प्रियंका राहुल और सोनिया के मुंह से एक शब्द नही निकला। आपको याद होगा कि बलात्कार करने वालों पर समाजवादी पार्टी के तत्कालीन मुखिया मुलायम सिंह यादव ने तो कह दिया था बच्चे हैं, गलती हो जाती है। उनके इस बयान की बहुत समय तक आलोचना की गई। यूपी, मध्य प्रदेश, बंगाल, बिहार, कर्नाटक... सब जगह तो ऐसे मामले सामने आए हैं। यह किस तरह की मानसिकता है? ऐसे में हम किस मुहं से दो माह से संदेशखाली के दबंग के खिलाफ हर मंच से दुराचार और दबंगई के आरोप में आवाज उठा रहे थे। कुकर्म दबंगई करने वाला नेता संदेश खाली का शेख शाहजहां हो या कर्नाटक का पूर्व पीएम का पोता प्रज्वल रेवन्ना दोनों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। ऐसे सभी दुराचारियो को एक ही इंसाफ के तराजू पर तोल कर कड़ी सजा देना चाहिए। वहीं भाजपा जैसे कैडर बेस दलों के नेतृत्व को विशेष रूप से ऐसे दुराचारियो और उनके दलों के साथ गठबंधन करने से पहले पूरी तसल्ली बख्श जांच कर लेनी चाहिए कि कहीं कोई कालिख से सना दुरात्मा चरित्र उनके कथित चरित्रवान दल को अपनी कालिमा से दूषित न कर देवे। प्रज्वल रेवन्ना की करतूत से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी गहरा धक्का लगा है कि एक संसद का माननीय सदस्य कैंचुली उतरने पर इतना वीभत्स दुराचारी कुकर्म शैतान बतौर सामने आ सकता है यह हैरानी के साथ साथ विश्वगुरु का सपना संजोने वाले दुनिया में मोदी मोदी के डंके से आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री के लिए भी गहरा आघात भरा धक्का है कि आखिर प्रज्वल रेवन्ना तक्षक बनकर मोदी के इंद्र सिंहासन तक कैसे पहुँचा?

तीन नए कानूनों का लक्ष्य किसी को दंड देना नहीं , अपितु न्याय देना है : डीजी पीआईबी

देहरादून (संवाददाता)। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के देहरादून स्थित पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा सोमवार को पुलिस मुख्यालय के सरादर पटेल भवन में एक जुलाई 2024 से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 विषय पर मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया है। वार्तालाप के मुख्य अतिथि उत्तराखंड पुलिस के महानिदेशक अभिनव कुमार थे । कार्यक्रम में पीआईबी की महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा पालीवाल गौड़ भी मौजूद रहीं। इस मौके पर पत्रकारों को तीन नए आपरिधक कानूनों पर वक्ताओं द्वारा जानकारी दी गई।

वार्तालाप में पीआईबी नई दिल्ली की महानिदेशक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया को इन तीन नए कानूनों के बारे में विस्तृत चर्चा के लक्ष्य के साथ उत्तराखंड पुलिस के सहयोग से वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन तीन नए कानूनों का लक्ष्य किसी को दंड देना नहीं , अपितु न्याय देना है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों को देश की सेना के मध्यनजर सशक्त बनाया गया है। साथ ही कानून पूर्णत: नागरिकों पर केंद्रीत है, जिसमें महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों को व्यापकता के साथ बनाना गया है। डीजी पीआईबी ने कहा कि इन कानूनों से न्याय से जुड़ी हर प्रणाली को जवाबदेह बनाया गया है।

वार्तालाप को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड पुलिस के महानिदेशक अभिनव कुमार ने कहा कि संसद द्वारा पारित इन तीन नए कानूनों के माध्यम से पहली बार व्यापक बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये तीन नए कानून क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के मुख्य अंग पुलिस, अभियोजन, जेल प्रणाली और न्यायपालिका को प्रभावित करेंगे। श्री कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नए आपराधिक कानूनों में काफी बदलाव किए गए हैं। जैसे भारतीय न्याय संहिता में 190 छोटे- बड़े बदलाव किए गए हैं। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 360 छोटे-बड़े बदलाव किए गए हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 45 बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने अपने सभी अधिकारियों और पुलिस बल को इन कानूनों का प्रशिक्षण देना आरंभ कर दिया है। डीजीपी ने बताया कि राज्य स्तर पर कानूनों को लागू करने के छह समितियों का गठन किया गया है। ये समितियां हैं जनशक्ति समिति , प्रशिक्षण समिति , सीसीटीएनएस समिति, इंफ्रास्ट्रक्चर समिति , पुलिस मैन्युअल समिति और जागरूकता समिति। इन समितियों ने नए कानूनों को लागू करने के लिए प्लान आफ एक्शन तैयार किया है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में फॉरेनसिक जांच को अत्यधिक प्रथमिकता दी गई है, जिससे सटिक और त्वतरित न्याय मिल सके।

वार्तालाप में विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता उपमहानिरीक्षक (प्रशिक्षण) श्री बरिंदरजीत सिंह ने पत्रकारों को बाताया कि नए कानून पीड़ितों और नागरिकों को ज्यादा अधिकार देते हैं और न्याय व्यवस्था को समय सीमा में बांधने का काम करते हैं। श्री सिंह ने बताया कि नए कानून तकनीकी तौर पर सशक्त हैं और नई तकनीकी के माध्यम से न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में गवाह की सुरक्षा की स्कीम का भी प्रवाधान है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के तहत फॉरेनसिक एविडेंस के माध्यम से कन्विक्शन रेट में इजाफा होगा।

कार्यक्रम में दूसरे विशेष वक्ता अपर पुलिस अधीक्षक, पीटीसी नरेंद्रनगर श्री शेखर सुयाल ने तीन नए आपराधिक कानूनों पर जानकारी देते हुए बताया कि पहले के कानूनों में लंबित मामलों की संख्या में बढ़ोतरी दर की समस्या को नए कानून सुधारेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों को नागरिकों के लिए सहज और सुलभ बनाए गए हैं। श्री सुयाल ने कहा कि नए कानूनों को आतंकवाद सहित कई अपराधों पर केंद्रीत किया गया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री सुयाल ने बताया कि नए कानूनों से आपराधिक न्याय प्रणाली के चार स्तंभ पीड़ित व आमजन, पुलिस, अभियोजन और न्याय व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानून नागरिकों को अधिकार देते हैं कि व्यक्ति अपने साथ हुए अपराध की शिकायत कहीं भी कर सकता है। श्री शेखर ने बताया कि नए कानूनों के तहत जब्ती के मामले में वीडियोग्राफी अब अनिवार्य कर दी गई है।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता सहायक विवेचना अधिकारी श्री जावेद अहमद ने तीन नए कानूनों के न्यायिक पक्ष को समझाया। उन्होंने कहा कि नए कानून का मकसद न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करना है। साथ ही किस तरह से दोषसिद्ध दर में बढ़ोतरी हो वो भी इन कानूनों में विस्तार से बताया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में नए अपराध जैसे संगठित अपराध, आतंकवाद अपराध, भारत की अखंडता और संप्रभुता को अघात पहुंचाने वाले अपराध जोड़े गए हैं। नए कानून पीड़ितों को मुआवजा देने को भी प्रथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि विवेचना की समय सीमा भी इन कानूनों में अब तय कर दी गई है। पीआईबी देहरादून के उप निदेशक रोहित त्रिपाठी ने पुलिस विभाग के सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि बेहतर जनतंत्र के लिए इन तीन कानूनों को लागू किया जाएगा। इस मौके पर उत्तराखंड पुलिस के अपर महानिदेशक सीबीसीबाईडी डा0 वी मुर्गेशन, अपर महानिदेशक कानून व्यवस्था एपी अंशुमन सहित पुलिस विभाग और पीआईबी के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

जिला स्तरीय पेनसैक सिलाट कैंप का आयोजन किया

हरिद्वार,संवाददाता। शिवालिक नगर कम्यूनिटी सेंटर फेस-1 में आयोजित जिला स्तरीय पेनसैक सिलाट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप मे 100 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कैंप में आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के स्टेट चीफ एवं पेनसैक सिलाट एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार चौधरी ने खिलाड़ियों को इंडोनेशियन मार्शन आर्ट पेनसैक का प्रशिक्षण दिया। कैंप का उद्घाटन शिवडेल स्कूल के चेयरमैन शरदपुरी ने किया। खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वामी शरदपुरी महाराज ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। सभी को खेलों में प्रतिभाग अवश्य करना चाहिए। आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के स्टेट चीफएवं पेनकैक सिलाट एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार चौधरी ने बताया कि कैंप में पेनसैक सिलाट एसोसिएशन के स्टेट सचिव बबलू दिवाकर, उत्तराखंड पुलिस के कोच हेमंत कानियाल और रितिक ने भी खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी। शिवडेल स्कूल जगजीतपुर के प्रिंसिपल अरविन्द बंसल ने सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने बताया कि पेनसैक सिलाट इंडोनेशिया की मार्शल आर्ट है। पेनसैक सिलाट के प्रशिक्षण और नियमित अभ्यास से शरीर मजबूत होता है और तनाव दूर करने में भी मदद मिलती है। इस अवसर पर शिवडेल स्कूल भेल के प्रिंसीपल पुनीत श्रीवास्तव, श्वेता, सुमन चौधरी, जयप्रकाश शर्मा, संगम पाठक, संजय शर्मा, निहाल शर्मा, शिवम शर्मा, राजमती देवी, कुलश्रेष्ठ, गौरव, मुजम्मिल, मुन्तज़ा आदि मौजूद रहे।

शिवडेल स्कूल भेल का दसवीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिद्वार, संवाददाता। शिवडेल स्कूल भेल का सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के दसवीं के सभी छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। कनिष्का छाबड़ा 95.4 फीसदी, शिवांगी कुशवाहा 94.8 फीसदी, अभिनव पँवार 93.8 फीसदी, यश शर्मा 93.4 फीसदी, ज्योतिर्मय गुप्ता ने 93.4 फीसदी अंक प्राप्त किए। पेंटिंग विषय में कनिष्का छाबड़ा व ज्योतिर्मय गुप्ता ने शत प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा राधिका 93.2 ,रिद्धिमा पुंडीर 92.2 फीसदी, तन्मय तिवारी 92 फीसदी, रितु 90.4 फीसदी और प्रथमेश गुप्ता ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किए।

अवैध हथियारों की सप्लाई करते दो आरोपी गिरफ्तार

रुड़की (संवाददाता)। पुलिस ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले दो सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से दो पिस्टल, तीन तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिलवर सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी के निर्देश पर थाना क्षेत्र में कलियर पुलिस और सीआईयू रुड़की की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में अवैध असलाह, हथियार की सप्लाई करने वालों के खिलाफ अभियान चला रही थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को गुर्जर डेरा धनौरी नहर पटरी लोहे के पुल के किनारे के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से दो पिस्टल, तीन तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपने नाम साहिल पुत्र मुर्सलीन और आसिफ पुत्र मकसूद निवासी रामपुर बताया है। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से अवैध असलहों की सप्लाई कर रहे हैं। पुलिस पूछताछ में अन्य नाम भी उन्होंने बताए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आए अन्य नामों के बारे में जानकारी जुटा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी आसिफ निवासी रामपुर और साहिल निवासी भारतनगर रुड़की के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया हैं। टीम में सीआईयू प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र शाह, एसएसआई आमिर खान, एसआई रमेश सैनी, सोनू चौधरी, सुरेश रमोला आदि शामिल रहे।

घरों में नलों से पहुंच रहा गंदा पानी, बीमारी की आशंका बढ़ी

श्रीनगर गढ़वाल (संवाददाता)। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत ग्राम रानीहाट-नैथाणा में गंदे पानी की आपूर्ति होने से ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीण ट्यूबवेल और हैंडपंप का पानी पीने को मजूबर हैं। पूर्व ग्राम प्रधान नैथाणा मेघा रावत, ग्राम प्रधान रानीहाट-नैथाणा मनोज जोशी, शीला देवी, मंजू देवी, संजय मेवाड़ कल्पेश्वरी देवी ने कहा कि विगत एक हफ्ते से नलों में मटमैले पानी की आपूर्ति हो रही है, जो पीने के योग्य नहीं है। कहा कि विभाग द्वारा बिना फिल्टर के पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। साथ ही पेयजल आपूर्ति नियमित न होने से ग्रामीणों को हैडपंप और ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ता है। कहा कि इस संदर्भ में पूर्व में भी विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया है, मगर समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि रानीहाट को जाने वाली मुख्य पाइप लाइन से अवैध रूप से ग्राम सभा देवली को भी पेयजल कनेक्शन दिये गये हैं। कहा कि फीटर होने के बावजूद भी पानी वितरण का कार्य महिलाएं कर रही हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द पेयजल समस्या हल करने की मांग की है। उधर, जल संस्थान कीर्तिनगर के अपर सहायक अभियंता राहुल कोटियाल ने बताया कि गंदे पानी की समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा।

राज्य में सहकारी बैंकों की ऑनलाइन बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम: डॉ. धन सिंह रावत

आरबीआई ने राज्य सहकारी बैंक की 15 शाखाओं को जारी किए आरटीजीएस नम्बर

देहरादून (संवाददाता)। राज्य बनने के 24 साल बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक की 15 शाखाओं को रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट जारी किए हैं। अब तक सहकारी बैंक निजी बैंकों के भरोसे यह सुविधा ग्राहकों को देते थे। राज्य में सहकारी बैंकों की ऑनलाइन बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस बदलाव की वकालत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उन्होंने 2017 से आरटीजीएस के कार्यान्वयन को लगातार आगे बढ़ाया है। डॉ. रावत के प्रयासों पर किसी का ध्यान नहीं गया है, क्योंकि वे हर 15 दिनों में समीक्षा बैठकें आयोजित करने में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उत्तराखंड में सहकारी बैंक त्व्छै आवंटन के लिए आवश्यक आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं। त्ठप् द्वारा निर्धारित प्रमुख मानदंडों में से एक यह है कि 5: से अधिक गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात वाला कोई भी बैंक आरटीजी पहुँच के लिए पात्र नहीं होगा। सहकारिता मंत्री डॉ. रावत ने आज मंगलवार को कहा कि, सहकारी बैंकों के लिए ऑनलाइन बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करना एक सकारात्मक विकास है जो बैंकों और उनके ग्राहकों दोनों को लाभान्वित करेगा। सहकारिता मंत्री डॉ रावत ने कहा कि अभी राज्य सहकारी बैंकों की 15 ब्रांचों को पृथक आरटीजीएस आवंटित हो गए हैं। बैंकों ने कल सोमवार से इसे लाइव भी कर दिया है।उन्होंने कहा कि, अब तक सहकारी बैंक निजी बैंकों के आरटीजीएस के मातहत काम करते थे। इसमें उन्हें निजी बैंक में 100 करोड़ रुपये करंट खाते में आरटीजीएस के लिए रखना पड़ता था। अब सहकारी बैंक इस पूंजी को अपने पास रखेगा। दूसरी जगह इस पैसे को खर्च कर ब्याज कमाकर उन्नति करेगा। सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सहकारी बैंक के बाद 10 जिला सहकारी बैंकों के आरबीआई से आरटीजीएस शीघ्र अलग से लाये जाएंगे। तब तक जिला सहकारी बैंक, राज्य सहकारी बैंकों के आरटीजीएस के सब मेम्बर होंगे। जिलों के सहकारी बैंक भी राज्य सहकारी बैंक की भांति 1000 करोड़ रुपये तक निजी बैंकों में आरटीजीएस के लिए जमा रखते थे। यह बड़ी रकम अब राज्य सहकारी बैंक में ही जमा रहेगी। उन्होंने कहा कि आरटीजीएस लेनदेन के वास्तविक समय पर निपटान की अनुमति देगा,जिससे ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं की दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। डॉ. रावत के लगातार समीक्षा बैठक और सहकारिता विभाग के आला अधिकारियों को निर्देश से उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक अपने छच। के स्तर को 5 प्रतिशत से नीचे लाने में सफल रहे हैं, इस प्रकार आरटीजीएस आवंटन के लिए त्ठप् के मानदंडों को पूरा किया है।सहकारी बैंकों ने एनपीए वसूलने के लिए अभियान चलाया। जिसमें सफलता प्राप्त की गई। राज्य सहकारी बैंक व 10 जिला सहकारी बैंक का 31 मार्च 2023 तक सकल एनपीए 603 करोड़ था, 31 मार्च 2024 तक 538 करोड़ रह गया है। जिसमें 64 करोड़ एनपीए की वसूली की गई। जबकि बैंकों का नेट एनपीए 31 मार्च 23 तक 221 करोड़ था, 31 मार्च 24 तक 156 करोड़ रह गया। 64 करोड़ रुपये एनपीए की वसूली की गई। बैंक अधिकारियों द्वारा एनपीए वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया गया।सहकारी बैंकों को अक्सर संसाधनों, प्रौद्योगिकी और तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिससे बड़े राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की उनकी क्षमता सीमित हो गई है। इसे पहचानते हुए, सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. रावत ने सहकारी बैंकों को मजबूत करने के लिए कदम उठाए हैं, जिसमें उन्हें राष्ट्रीयकृत बैंकों के समकक्ष खड़ा करना शामिल है। सहकारी बैंकों को मजबूत करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में से एक ऑनलाइन बैंकिंग का क्षेत्र है। जैसे-जैसे अधिक से अधिक लोग डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की ओर रुख कर रहे हैं, सहकारी बैंकों के लिए अपने ग्राहकों को ऑनलाइन बैंकिंग विकल्प प्रदान करना तेजी से महत्वपूर्ण हो गया है। इससे न केवल ग्राहकों के लिए अधिक सुविधा और पहुंच की अनुमति मिलती है, बल्कि सहकारी बैंकों को आधुनिक बैंकिंग परिदृश्य में अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने में भी मदद मिलती है।

डीएम ने अधिकारियों को यात्रा को सुचारू व सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए

उत्तरकाशी, (संवाददाता)। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है। यमुनोत्री धाम में आज रिकॉर्ड संख्या में 15630 श्रद्धालुओं का आगमन हुआ जबकि गंगोत्री धाम में 11734 श्रद्धालु पहुॅचे। यात्रा मार्गों पर आज आवागमन सुचारू और सुव्यवस्थित रहा तथा गंगोत्री क्षेत्र में रोके गए सभी वाहनों की वापसी का क्रम जारी है। गंगोत्री से वाहनों की वापसी के साथ ही आज निचले इलाकों में रोके गए वाहनों को भी धामों के लिए भेजा गया। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने यात्रा रूट पर तैनात किए गए अधिकारियों को अपने सेक्टर में ही बने रहकर यात्रा को सुचारू व सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को हमेशा मोबाईल फोन खुले रख यात्रियों की सहायता की प्रत्येक कॉल पर तत्परता से कार्रवाई करने की हिदायत देते हुए कहा कि यात्रा मार्गों पर यात्रियों से अधिक कीमत वसूलने के मामलों पर भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाय। प्रशासन के द्वारा रोके गए जरूरतमंद यात्रियों के लिए रामलीला मैदान उत्तरकाशी एवं पालीगाड में भंडारे की व्यवस्था भी शुरू की गई है।

जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने मुख्य विकास अधिकारी जय किशन तथ अन्य अधिकारियों के साथ यात्रा नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर तीर्थयात्रियों की टेलीफोन कॉल एवं उनके निस्तारण के ब्यौरे की समीक्षा करने के साथ ही सीसीटीवी फीड के जरिए गंगोत्री व यमुनोत्री धाम तथा यात्रा मार्गों व पड़ावों की स्थिति की निगरानी कर वाहनों के आवागमन एवं यात्रियों की सहायता को लेकर यात्रा मार्गों पर तैनात अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गंगोत्री मार्ग के सभी होल्ड एरिया व वाहनों के के दबाव से प्रभावित क्षेत्रों तक यात्रियों के लिए भोजन व पानी की आपूर्ति की व्यवस्था का भी अनुश्रवण किया। उन्होंने कहा कि रोके गए यात्रियों को पानी व भोजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। इस काम में जुटाए गए विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों व ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला कार्यकर्ताओं को यात्रियों की सहायता के लिए निरंतर तत्पर रहकर काम करने की अपेक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जाम लगने की स्थिति में अगर किसी स्थान पर चार पहिया वाहन के जरिए पानी व भोजन की आपूर्ति करने में कठिनाई हो तो इस काम में दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल किया जाये।

चारधाम में 50 साल से अधिक उम्र के यात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर फोकस

देहरादून (संवाददाता)। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के देहरादून चैप्टर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंगलवार को सचिवालय में सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार से भेंट की। इस दौरान पीएसआरआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने उन्हें शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सचिव स्वास्थ्य ने कहा कि वर्तमान में गतिमान चारधाम यात्रा में यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या एक चुनौती के रूप में सामने आई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य जांच से लेकर तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष यात्रा काल में 55 वर्ष से अधिक के लगभग साढ़े सात लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई थी। इस बार हमारा लक्ष्य है कि 50 वर्ष से अधिक के लोगों की ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य जांच की जाए। उन्होंने बताया कि इस बार यात्रा रूट पर 184 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। गत वर्ष 140 डॉक्टर तैनात किए गए थे। इनमें 44 स्पेशलिस्ट चिकित्सक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष पहली बार यात्रा में तैनात चिकित्सकों के साथ ही पैरा मेडिकल स्टाफ को एनएचएम के माध्यम से मानदेय की व्यवस्था की गई थी। इस बार भी यह व्यवस्था जारी रखी जा रही है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर हमेशा से सुपर स्पेशलिटी सेंटर का अभाव रहा है। इसके दृष्टिगत श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में इस बार कैथ लैब शुरू कर दी गयी है। साथ ही 'यू कोट वी पे' योजना के जरिये नए सुपर स्पेशलिटी को अपनी सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुल 11 भाषा में यात्रा संबंधी एसओपी जारी की गई है, यह एसओपी सभी राज्यों के सचिवों को भेजने के साथ ही यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं को स्टाफ के माध्यम से उनकी भाषा में वितरित की जा रही है ताकि उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। इस एसओपी में क्या यात्रा के दौरान क्या करें और क्या न करें कि बारे में जानकारी दी गई है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि जानकी चट्टी में पहली बार मेडिकल पॉइंट बनाया गया है। जनसंपर्क के क्षेत्र में पीएसआरआई की अहम भूमिका है। विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी देने और जनजागरूकता में में अहम योगदान दे सकती है। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार जनपद से लेकर ब्लॉक स्तर तक किया जाए इससे इसकी न केवल सार्थकता होगी बल्कि पीएसआरआई एक ऐसा नेटवर्क भी बनेगा जिसकी पहुंच जन-जन तक होगी।

पीएसआरआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने स्वास्थ्य सचिव को जानकारी दी कि संगठन की देश भर में 25 शाखायें हैं और इसमें सरकारी विभागों के जनसंपर्क अधिकारियों के अतिरिक्त पब्लिक सेक्टर यूनिट आदि के कार्मिक भी जुड़े हैं। संगठन का उद्देश्य है कि आपसी सहयोग से केंद्र व राज्य सरकारों के सकारात्मक समाचारों को जन-जन तक पहुँचाये। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर फोकस करते हुए एक सकारात्मक संदेश जनता तक पहुँचाया जाये। इस अवसर पर अनिल सती, अनिल वर्मा, संजय पांडे, जितेंद्र सिन्हा, ज्योति नेगी, मनोज सती, दिनेश कुमार, पुष्कर नेगी, प्रियांक वशिष्ठ, अमित ठाकुर, नीरज आदि उपस्थित रहे।

पटाखों के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का माल जलकर हुआ राख

देहरादून, ब्यूरो। क्लेमेनटाउन थाना क्षेत्र में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां पटाखों के गोदाम में अचानक आग लगने का मामला सामने आया है. पटाखों के गोदाम में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी. दमकल विभाग की टीम ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. बताया जा रहा है कि आग पटाखों के गोदाम की ऊपरी मंजिल पर लगी थी, यदि आग ग्राउंड फ्लोर तक पहुंच जाती तो बड़ी तबाही हो सकती थी.

हालांकि दमकल विभाग की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया. पुलिस के अनुसार इस हादसे में किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है. पुलिस ने बताया कि क्लेमेनटाउन थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर के पास पवन आनंद का पटाखों का गोदाम है. गोदाम तीन मंजिला है, जिसमे नीचे की दो मंजिला में भारी मात्रा में पटाखे रखे हुए और तीसरी मंजिल में फुलझड़िया रखी थी. मंगलवार सात मई दोपहर को अचानक गोदाम की तीसरी मंजिल में आग लग गई थी. पटाखों का गोदाम की तीसरी मंजिल में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई. मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचनाा दी. पुलिस ने तत्काल मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी. फायर ब्रिगेड और पुलिस की संयुक्त टीम ने करीब ढ़ाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.

इन तरीकों से करें अपने कार की सफाई, लगेगी एकदम नई जैसी चमचमाती

हर इंसान अपनी मेहनत के पैसे से अपनी पसंद की गाड़ी खरीदता हैं और चाहता हैं कि वह हमेशा नई जैसी चमचमाती हुई रहे। इसके लिए वह अपनी गाड़ी की हमेशा साफाई करता रहता हैं। लेकिन कई बार ऐसे रास्ते पर निकलना पड़ता हैं जहां गाड़ी की हालत ज्यादा खराब हो जाती हैं। ऐसे में लोग सर्विसिंग करवाने से कतराते हैं जो महंगा पड़ जाता हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे तरीके लेकर आए हैं जिनकी मदद से आप आसानी से बिना खर्चे के ही गाड़ी की अच्छे से सफाई कर सकते हैं और इसके बाद गाड़ी नई जैसी चमचमाती दिखने लगेगी। तो आइये जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

कैरोसीन से कीचड़ और जंग से हो सुरक्षा, चमक भी रहे बरकरार

एक कप कैरोसीन को तीन गैलन पानी के साथ बाल्टी में डालें और इस मिश्रण में स्पंज भिगोकर कार की सफाई करें। इससे पहले आपको कार पानी से भिगोना या साफ करना जरुरी नहीं है। कैरोसीन के सॉल्यूशन से गाड़ी साफ करने पर बारिश में कीचड़ या जंग लगने से गाड़ी खराब नहीं होगी।

हेयर कंडीशनर

अपनी कार को धोते समय हेयर कंडीशनर का इस्तेमाल करें। आप पाएंगे, कि कार बिल्कुल ऐसी चमक उठेगी, जैसे कि नए-नए में उसका वैक्स लुक दिखता है। इतना ही नहीं, उसकी सतह पर पानी भी नहीं टिकेगा यानि कि रिपल रेन सर्फेस।

सॉफ्ट ड्रिंक से हटाएं गंदगी

जब कभी लंबी दूरी में गाड़ी इस्तेमाल होती है तो उसकी विंड शील्ड्स को साफ करने में काफी मेहनत करनी पड़ती है। साथ ही गाड़ी पर डस्ट के कारण लकीरें धारियां और दाग-धब्बे आ जाते है। इसे साफ करने के लिए आसान तरीका है कि इन पर सॉफ्ट ड्रिंक कोला डाल दिया जाए। ?सा करते समय बस ये ध्यान रखें, कि हुड प्वाइंट को सुरक्षित रखने के लिए विंड शील्ड के नीचे एक मोटा कपड़ा या तौलिया लगा दें। कोला में उठनेवाले बुलबुलों से जमी हुई डस्ट या मिट्टी की पर्त साफ हो जाएगी। बस अंत में कोला डालने के बाद उसे पानी से अच्छी तरह साफ कर लें अन्यथा बाद में उसकी चिपचिपाहट से गाड़ी पर फिर डस्ट या गंदगी चिपक सकती है।

अपनी गाड़ी की हेडलाइट्स की पॉलिश के लिए विंडो क्लीनर का इस्तेमाल करें और पुराने लेकिन नरम मोजे से थोड़ा रगड़कर साफ करें। फिर देखिए, हेडलाइट्स कैसे चमक उठेंगी। आप चाहें, तो हेडलाइट्स या गाड़ी के शीशे चमकाने में बेबी वाइप्स भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

बेकिंग-सोडा

कार क्लीनर-एक गैलन साइज का बर्तन लेकर उसमें एक चौथाई तक बेकिंग-सोडा डालें, इसमें एक चौथाई कप डिशवाशिंग लिक्विड और बर्तन को पूरा ऊपर तक पानी से भर लें। एक प्लास्टिक की बोतल में इस मिश्रण को डालें और अच्छी तरह मिला लें। जब भी कार को धोना हो, इस बोतल को हिलाएं और इसमें से मिश्रण 1 कप निकालें और 2 गैलन पानी के स्तर वाली बाल्टी में निकाल लें। अब इस बाल्टी को ऊपर तक हल्के गर्म पानी से भर लें और पानी को अच्छी तरह हिला लें। आपकी गाड़ी की सफाई के लिए घर का सस्ता और अच्छी क्लीनिंग सॉल्यूशन तैयार है।

वोदका से कांच की सफाई

जब आपके विंडशील्ड वाशर रेसर्वेयर में लिक्विड खत्म हो जाता है, तो आप इसे वोदका यानि शराब से खुद ही बना सकते है। एक ढक्कन वाले जग में 4 कप पानी और 2 चम्मच तरल डिटर्जेंट के साथ 3 कप वोदका (जो सबसे सस्ती आपको मिल जाए) को मिला ले। जग को बंद कर उसे अच्छी तरह हिला लें और ज़रूरत के हिसाब से रेसर्वेयर में भर लें।

रसोई की दीवारों पर जमी चिकनाई को इन आसान तरीकों से करें साफ़

घर की रसोई में खाना पकाया जाता हैं और इस दौरान धुआं और तेल के छींटे तो उठते ही हैं। धुएं को निकालने के लिए किचन में एग्जॉस्ट फैन और चिमनी का इंतजाम किया जाता हैं। लेकिन देखा जाता हैं कि इसके बावजूद भी तेल के छींटे उठते हैं और ये दीवारों पर जमने लगते हैं जिसकी वजह से दीवारों पर चिकनाई जमा हो जाती हैं। यह चिकनाई जब बढ़ती जाती हैं तो इसकी सफाई करना बहुत मुश्किल हो जाता हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे उपाय लेकर आए हैं जिनकी मदद से आपके रसोई की दीवारों पर जमी चिकनाई को आसानी से दूर किया जा सकता हैं। तो आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

बेकिंग सोडा-बेकिंग सोडा कोई भी जिद्दी दाग निकालने के लिए सबसे आसान उपाय है। किचन में से तेल के दाग हटाने के लिए एक कप गर्म पानी लें और उसमें एक चम्मच बेकिंग सोडा डालें। फिर किसी कपड़े या स्पॉन्ज लेकर दाग वाली जगह पर लगाएं इससे दाग आसानी से निकल जाएगा।

कार्न-स्टार्च-पानी में कार्नस्टार्च मिलाकर पेस्ट तैयार करे। इस पेस्ट को तेल लगी दीवार पर लगाए और थोड़ी देर तक ऐसे ही रहने दे। इसके बाद गीले कपड़े से दीवार को पोंछते रहे, जबतक साफ न हो जाए।

नमक-दाग को साफ करने के लिए नमक भी सबसे आसान तरीका है जिससे किसी भी पुराने दाग को साफ करने के लिए अपनाया जाा सकता है। दाग वाली जगह पर नमक लगा दें । थोड़ी देर के बाद उस जगह पर विनेगर स्प्रे लगा दें । कुछ देर के बाद कपड़े से साफ कर दें । दाग आसनी से साफ हो जाएगा।

विनेगर-हर घर के किचन में विनेगर बहुत ही आसानी से मिलने वाला लिक्विड है। इसका इस्तेमाल बेहद आसान है। एक बर्तन में विनेगर लें। एक साफ कपड़ा या फिर एक स्पॉन्ज उसमें अच्छे से डूबा कर निचोड़ लें। अब इस कपड़े या स्पॉन्ज से दाग लगी दीवार, स्विच बोर्ड आदि साफ करें। किचन की दीवार पर लगे दाग आसानी से छूट जाएंगे। अब एक साफ कपड़े से दीवार पोंछ दें। विनेगर आपके घर की दीवार में लगे बैक्टीरिया को नष्ट कर सकता है।

नींबू का रस और सोडे का पानी-किचन में लगे जिद्दी दागों को साफ करने के लिए नींबू काटकर चिकनाई वाली जगह पर रगड़ के साफ करें। इसके बाद सोडे वाले पानी में कपड़ा डूबा कर उस जगह को फिर से साफ करें और फिर पानी से धो दें। दाग पूरी तरह से हट जाएंगे।

दिल्ली, पंजाब में लिखे खालिस्तान समर्थक नारे, पकड़े गए आतंकी पन्नू के तीन गुर्गे

नई दिल्ली ।प्रतिबंधित अलगाववादी समूह सिख ऑफ जस्टिस के तीन कार्यकर्ताओं को दिल्ली और पंजाब के बठिंडा में सार्वजनिक स्थानों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि गिरफ्तारियां बठिंडा पुलिस और उसकी काउंटर-इंटेलिजेंस विंग द्वारा की गईं हैं।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा और बठिंडा पुलिस ने पंजाब और दिल्ली सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने के आरोप में न्यूयॉर्क स्थित मास्टरमाइंड गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा समर्थित तीन एसजेएफ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।

डीजीपी ने बताया कि 27 अप्रैल को जिला प्रशासनिक परिसर और न्यायालय परिसर, बठिंडा की दीवारों पर खालिस्तानी समर्थक नारे लिखे गए थे। इसी प्रकार 9 मई को दिल्ली के झंडेवालान मेट्रो स्टेशन और करोल बाग मेट्रो स्टेशन पर खालिस्तानी समर्थक नारे लिखे गए और ये तस्वीरें/वीडियो गुरपतवंत सिंह पन्नू को भेजी गईं। उन्होंने बताया कि मामले को सुलझाने के लिए पेशेवर और वैज्ञानिक तरीके से जांच की गई है। गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिका स्थित अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के संस्थापकों में से एक हैं और अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में सिखों के लिए एक अलग देश (खालिस्तान) की सक्रिय रूप से पैरवी कर रहे हैं।

करोल बाग मेट्रो स्टेशन के पास एक इमारत के एक सुरक्षा गार्ड ने कहा कि जब वह रविवार सुबह ड्यूटी पर आया तो उसने मेट्रो स्टेशन के खंभों पर काले रंग से कुछ लिखा हुआ देखा। सुरक्षा गार्ड बजरंगी ने एएनआई से बात करते हुए कहा, "मैं सुबह 8 बजे ड्यूटी पर आया और देखा कि मेट्रो स्टेशन के खंभों पर काले रंग में कुछ लिखा हुआ था। वहां भारी भीड़ जमा हो गई थी और नारे पढ़ रहे थे।

कम होता मतदान, किसका नुकसान

नई दिल्ली । लोकसभा चुनावों के पहले तीन चरणों की तरह ही चौथे चरण में भी 2019 के मुकाबले मतदान प्रतिशत कम रहा। बीजेपी का कहना है कि इससे विपक्ष को चिंता होनी चाहिए, लेकिन पार्टी के नए विज्ञापन कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक मतदान के चौथे चरण में अभी तक करीब 67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। टाइम्स ऑफ इंडिया अखबार के मुताबिक 2019 में इन्हीं सीटों में मतदान प्रतिशत 69.6 रहा था, यानी इस बार का आंकड़ा करीब दो प्रतिशत कम है। वहीं, इंडियन एक्सप्रेस अखबार का दावा है कि 2019 में इन सीटों में 68।8 प्रतिशत मतदान हुआ था, यानी इस बार से सिर्फ करीब एक प्रतिशत ज्यादा। श्रीनगर में घरों से निकले लोग सबसे ज्यादा मतदान पश्चिम बंगाल (78.44 प्रतिशत) और आंध्र प्रदेश (78.25 प्रतिशत) में हुआ और सबसे कम जम्मू और कश्मीर (37.98 प्रतिशत) में हुआ। जम्मू और कश्मीर में श्रीनगर लोकसभा सीट की कहानी दिलचस्प है। श्रीनगर में इस बार 38 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ, जो वहां के लिए बीते कई चुनावों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन है। आखिरी बार इस तरह का बेहतर मतदान प्रतिशत 1996 में दर्ज किया गया था, जब करीब 40 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। 2019 में यहां सिर्फ 14. 4 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था। हालांकि पिछले चुनावों और इन चुनावों में एक बड़ा फर्क है। इन चुनावों से पहले श्रीनगर लोकसभा सीट का परिसीमन कर दिया गया था, जिस वजह से इस बार इसमें कई नई विधानसभा सीटें जुड़ गई हैं। चौथे चरण के साथ लोकसभा की 543 में से 379 सीटों, यानी दो तिहाई से ज्यादा पर मतदान पूरा हो गया है। चारों चरणों में मतदान 2019 के मुकाबले कम रहा। राजनीतिक पार्टियां और विश्लेषक सभी इसे लेकर चिंतित हैं। जानकारों का मानना है कि यह मतदाताओं के मन में मतदान को लेकर उत्साह की कमी को दर्शाता है। पार्टियों को चिंता है कि मतदान करने नहीं जाने वाले मतदाता कहीं उनके समर्थक तो नहीं थे। दोनों पक्षों का एक ही दावा विपक्षी पार्टियां इसे अपनी जीत का परिचायक मान रही हैं, जबकि बीजेपी इस बात से असहमत है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक अखबार को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि कम मतदान से विपक्ष को चिंता होनी चाहिए क्योंकि इसका मतलब है कि विपक्ष के समर्थकों में उत्साह नहीं है। हालांकि बीजेपी के नए विज्ञापन कम मतदान की ही बात कर रहे हैं। सोमवार को एक्स पर पार्टी के हैंडल से एक वीडियो विज्ञापन पोस्ट किया गया जिसमें लोकप्रिय अभिनेत्री रूपाली गांगुली लोगों को "जाना है तो जाना है" नारे के साथ मतदान के लिए प्रेरित करती नजर आ रही हैं। गांगुली हाल ही में बीजेपी में शामिल भी हुई थीं। विज्ञापन के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में बात करते हुए वो कहती हैं, "जो इतनी मेहनत करते हैं, भागादौड़ी करते हैं हमारे लिए। । ।तो हम उनके लिए चार कदम चल कर वोट देने तो जा ही सकते हैं ना।

गार्डनर प्रीमियर लीग में दून पब्लिक स्कूल का दबदबा

ऋषिकेश । सेंट थॉमस कॉलेज में आयोजित गार्डनर प्रीमियर क्रिकेट लीग रविवार को संपन्न हो गई। फाइनल मुकाबले में भानियावाला के दून पब्लिक स्कूल ने सेंट जूड्स स्कूल की टीम को करारी शिकस्त देकर जीत नाम की। लीग में परितोष चौहान, मनीष और फरहान मलिक को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया है। विजेता टीम को ट्राफी देकर आयोजकों ने सम्मानित भी किया।

रविवार को फाइनल में मुकाबले में फाइल मैच सेंट जूड्स और भानियावाला दून पब्लिक स्कूल की टीम में हुआ। सेंट जूड्स ने १२ ओवर में ४६ रन ही बना पाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दून पब्लिक स्कूल की टीम ने एक विकेट गवांते हुए ४७ रन बनाकर जीत दर्ज की। लीग में १९ स्कूलों की टीम शामिल रही। प्रधानाचार्य रनवीर सिंह नेगी, सोमील रतूड़ी, सरोज रतूड़ी, सोहनलाल रतूड़ी, अनूपर सिंह रावत, जेपी सकलानी, थमन थापा ने जीत पर टीम के खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।

ब्रह्मलीन शंकराचार्य माधवाश्रम की जयंती पर निकली शोभायात्रा

ऋषिकेश (संवाददाता)। तीर्थनगरी ऋषिकेश में रविवार को ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर क्षेत्र में भारी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। विभिन्न स्थानों और चौक-चौराहों पर शोभयात्रा का स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया। जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ त्रिवेणीघाट पर गंगा पूजन किया गया।

आदिगुरु शंकराचार्य माधवाश्रम की पादुका का पूजन भी हुआ। इसके बाद मायाकुंड स्थित स्वामी शंकराचार्य माधवाश्रम समाधि संस्थान जनार्दन आश्रम दंडीवाड़ा से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मायाकुंड से यात्रा सुभाष चौक से होते हुए मुखर्जी चौक पहुंची। यहां स्थानीय लोगों ने यात्रा का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। दून तिराहे से यात्रा चंद्रभागा पुल से पुराने बदरीनाथ मार्ग से होकर वापस मायाकुंड आश्रम पहुंची।

श्रद्धांजलि समारोह में दंडी स्वामी अनिरुद्धानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि जब हमारे देश में सनातन धर्म पर आक्रांताओं ने आक्रमण किया। भगवान आदिगुरु शंकराचार्य ने सभी सनातन धर्मावलंबियों को एक करने के लिए भारत की चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। इन मठों पर वेद विद्या का अध्ययन-अध्यापन होता है। भारत के चारों धामों के पुनर्स्थापना के साथ ही उन्होंने अनेकों हजारों मठ मंदिरों को पुन:स्थापित किया। कहा कि उसी परम्परा ब्रह्मलीन ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम ने आगे बढ़ाया।समारोह में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास, स्वामी ईश्वर दास, प्रकाशानंद, मंहत शिवानंद गिरि, स्वामी वागीश स्वरूप, स्वामी कल्याण स्वरूप, स्वामी अच्युतानंद, महंत मनोज प्रपन्नाचार्य, महंत जगदीश प्रपन्नाचार्य, स्वामीअखंडानंद, प्रो. महेश चंद्र सिलोडी, डॉ. प्रकाश चमोली, डॉ. राजेश नैथानी, शंकराचार्य आश्रम प्रबंधक केशव स्वरूप ब्रह्मचारी, आचार्य जितेंद्र भट्ट, ट्रस्टी संजय शात्री, शैलेंद्र मिश्रा, जीएलपी पुरोहित, मनोज नौटियाल, जनार्दन कैरवान, शिक्षाविद वंशीधर पोखरियाल, रमाबल्लभ भट्ट, आशाराम व्यास, घनश्याम नौटियाल, गजेंद्र कंडियाल, प्रबोध उनियाल, आचार्य सुभाष डोभाल, नवनी भट्ट, सुरेंद्र भट्ट, विजय जुगलान, विनायक भट्ट, जगमोहन मिश्रा, शिव प्रसाद सेमवाल, मणिराम पैन्यूली, रीना शर्मा, दिनेश सती, शिवकुमार गौतम, डॉ. जितेंद्र गैराला, शिवस्वरूप नौटियाल, पुरूषोत्तम कोठारी, सुरेश पंत, भानु उनियाल, महेश चमोली, महावीर सिलस्वाल, अमित कोठारी, डॉ. विनोद कोठारी, हिमांशु बिजल्वाण, इंद्रा आर्या, चेतन शर्मा आदि शामिल रहे।

केदारनाथ और गौरीकुंड में हुई बारिश

रुद्रप्रयाग । केदारनाथ में रविवार को दोपहर बाद बारिश हुई, जबकि पैदल मार्ग में भी बारिश हुई। केदारनाथ आस्था पथ पर यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं से उन्हें बारिश में नहीं भीगना पड़ा, इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। हालांकि पैदल मार्ग में यात्रियों को बारिश से परेशानियां जरूर हो रही है। रविवार सुबह केदारनाथ में बादल लगे थे। केदारनाथ मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही आस्था पथ में लाइन लग गई। यहां रेन सेल्टर की सुविधा होने से इस बार यात्रियों को बारिश से राहत मिल रही है। दोपहर बाद केदारनाथ में मौसम बदल गया। शाम ४ बजे से बारिश शुरू हुई। इससे यहां ठंड भी होने लगी। गौरीकुंड से केदारनाथ आने वाले यात्रियों को भी बारिश से मुश्किलें उठानी पड़ी। इधर, शाम ३ से ५ बजे तक मंदिर की सफाई और भोग व्यवस्था की गई। इस दौरान मंदिर में दर्शन नहीं हो पाए। इसके बाद ५ बजे दोबारा यात्रियों के लिए मंदिर खोला गया। केदारनाथ में दर्शनों के लिए यात्रियों का सैलाब उमड़ रहा है।

नगर के वार्डों में समस्याओं के अंबार से लोग परेशान: उक्रांद

विकासनगर । उत्तराखंड क्रांति दल की डाकपत्थर रोड स्थित कार्यालय में रविवार को हुई बैठक में निकाय चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि विकासनगर में ट्रिपल इंजन की सरकार रही, लेकिन नगर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। बैठक के दौरान जयकृष्ण सेमवाल को विकासनगर निकाय चुनाव प्रभारी, मायाराम ममगाईं सह प्रभारी नियुक्त किए गए। जबकि सेलाकुई के लिए अतुल बेंजवाल को प्रभारी और सुमित राणा को सह प्रभारी बनाया गया। उक्रांद के केंद्रीय संरक्षक सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि विकासनगर में ट्रिपल इंजन की सरकार पश्चिमीवाला में बरसाती खाले पर एक पुल तक नहीं बना पाई। जबकि यहां अब तक तीन लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हर बार निकाय चुनाव में पुराने मुद्दे ही जनता के सामने रखे जाते हैं। बीते कई साल से नगर पालिका परिषद और निर्वाचित बोर्ड जनता की समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहा है। प्रत्येक वार्ड में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि नगर की समस्याओं को दूर करने के लिए जरूरी है कि निकाय में उक्रांद के जन प्रतिनिधि चुने जाएं। उक्रांद के जिलाध्यक्ष गणेश प्रसाद काला ने कहा कि दल पछुवादून के तीनों निकायों का चुनाव लड़ेगा। कहा कि कार्यकर्ताओं को अभी से अपने वार्ड में चुनाव की तैयारियों में जुट जाना चाहिए। इसके साथ ही चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता आवेदन पार्टी के जिला कार्यालय में जमा कर दें। इससे समय पर प्रत्याशियों का चयन किया जा सकेगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जयकृष्ण सेमवाल ने कहा कि जनता के बीच स्वच्छ छवि वाले कार्यकर्ता को ही प्रत्याशी बनाया जाएगा। इस दौरान उक्रांद के केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रकाश भट्ट, महेंद्र नेगी, विजय भट्ट आदि मौजूद रहे।

अपर जिलाधिकारी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

चमोली। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने मंगलवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सड़कों पर नए संवेदनशील दुघर्टना स्थलों को चिन्हित करने के लिए समिति का गठन करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष कदम उठाए जाए। सड़क निर्माणदायी संस्थाएं अपनी सड़कों का रोजाना निरीक्षण करें। सुरक्षित यातायात के लिए संकरे मार्ग, भूस्खलन क्षेत्र और अन्य संवेदनशील स्थानों पर क्रैश बैरियर और साइनेज लगाया जाना आवश्यक है। कहा कि एसडीएम, पुलिस और परिवहन विभाग अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान की सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बाल वनिता आश्रम के बच्चों के साथ मनाया मदर्स डे

देहरादून(संवाददाता) । उत्तरांचल महिला एसोसिएशन (उमा) की ओर से रविवार को तिलक रोड स्थित बाल वनिता आश्रम के बच्चों के साथ मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर एक गीत प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना, उमा की अध्यक्ष अध्यक्ष साधना शर्मा, समाज सेवी वीना गुप्ता, सोनिया श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद प्राचीन डांस एकेडमी की निदेशक कत्थक गुरु प्राची ध्यानी और उनकी शिष्याओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत की।

इसके बाद साधना शर्मा की सासू मां व डॉ संजीव शर्मा की माता स्व रमा शर्मा की स्मृति में पिछले एक माह से चली आ रही मां के नाम एक गीत प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें रेनू सिंहल व प्रतिमा मोहन प्रथम, ऋचा कुकरेती व अंजलि गर्ग द्वितीय, संगीता लखेड़ा और सुमन डोभाल तृतीय स्थान पर रहीं। उमा अध्यक्ष साधना शर्मा ने कहा उमा पिछले २३ वर्षो से शहर के विभिन्न आश्रमों में जाकर मदर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। मुख्य अतिथि डॉ गीता खन्ना ने कहा दुनिया में मां से बढ़कर कोई रिश्ता नहीं। कार्यक्रम का संचालन अर्चना शर्मा ने किया। इस दौरान विभा आचार्य, अंजना वाही, रीना आनंद, रानी भोला, अलका अग्रवाल, आर्ची कुनाल, पल्लवी कुकरेती बलूनी, मेनका बहल, पुष्पा भल्ला, कृष्णा जायसवाल, नमृता वर्मा, कल्पना जोशी, पायल विष्ट, ऋतु भाटिया, स्वाति सर्जन, आनंद मधु गुप्ता, वंदना भट्ट, आदि मौजूद रहीं।

यूकेडी की बैठक में निकाय चुनाव पर चर्चा

रुद्रप्रयाग । उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव और केदारनाथ यात्रा व केदारघाटी में यात्रा के नाम पर संचालित होने रही अनियमित हेली सेवाओं पर चर्चा की गई।अगस्त्यमुनि में आयोजित बैठक यूकेडी के जिलाध्यक्ष बलवीर चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी नगर निकाय चुनावों में संगठन की ओर से बढ़चढ़कर प्रतिभाग करने पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने केदारनाथ में संचालित हेली सेवाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि अनियंत्रित हेली सेवाओं के चलते केदारघाटी का आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। करोड़ों की आस्था से जुड़े केदारनाथ के धार्मिक महत्व को बचाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। सरकार को चाहिए कि इस धार्मिक यात्रा को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी धर्माचार्यों को सौंपना चाहिए।

बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक युवाओं व महिलाओं को सगंठन से जोड़ने पर चर्चा की गई। साथ ही जल्द से जल्द जिला कार्यकारिणी के विस्तार करने की बात कही गई। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष डा. आशुतोष भंडारी, दीप प्रकाश भट्ट, कल्याण सिंह पुंडीर, पृथ्वीपाल रावत, अशोक चौधरी, विक्रम सिंह फरर्स्वाण समेत पार्टी संगठन से जुड़े अन्य मौजूद थे।

प्रतियोगिता में सागवान हाउस रहा अव्वल

GOVT SCHOOL OF NURSING
ROSHNABAD
LAMP LIGHTING
HOSPITAL
HAPPY NURSES DAY

हरिद्वार (संवाददाता)। रोशनाबाद स्थित राजकीय नर्सिंग स्कूल में रविवार को प्रधानाचार्या आशा थापा की अध्यक्षता में जीएनएम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने मरीजों की देखभाल को पूरी लगन से करने की शपथ ली। साथ ही नर्सिंग कॉलेज में मनाए जा रहे नर्सेज वीक में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आरवी सिंह ने कहा कि जिस शपथ को आप ले रहे हैं। उसको अपने कार्यों एवं जीवन में शामिल करेंगे तभी आप सफल होंगे। प्रतियोगिता में सागवान हाउस अव्वल रहा। जबकि दूसरे स्थान पर बुरांश हाउस और तीसरे स्थान पर कस्तूरी हाउस के छात्र-छात्राएं रहे। राजकीय नर्सिंग स्कूल को प्रधानाचार्य आशा थापा ने हाउस कैपटन मोहन, अभय और सौरभ नौटियाल को पुरस्कृत किया। छात्र-छात्राओं को शपथ ग्रहण की बधाई देते हुए अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान गीता विश्वकर्मा, रश्मि शर्मा, रीना जयसवाल, बबीता सैनी, प्रिया जेठली, मानसी एवं रीमा आदि मौजूद रहे।

पटाखों के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का माल जलकर हुआ राख

देहरादून, ब्यूरो। क्लेमेनटाउन थाना क्षेत्र में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां पटाखों के गोदाम में अचानक आग लगने का मामला सामने आया है. पटाखों के गोदाम में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी. दमकल विभाग की टीम ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. बताया जा रहा है कि आग पटाखों के गोदाम की ऊपरी मंजिल पर लगी थी, यदि आग ग्राउंड फ्लोर तक पहुंच जाती तो बड़ी तबाही हो सकती थी. हालांकि दमकल विभाग की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया. पुलिस के अनुसार इस हादसे में किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है. पुलिस ने बताया कि क्लेमेनटाउन थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर के पास पवन आनंद का पटाखों का गोदाम है. गोदाम तीन मंजिला है, जिसमे नीचे की दो मंजिला में भारी मात्रा में पटाखे रखे हुए और तीसरी मंजिल में फुलझड़िया रखी थी. मंगलवार सात मई दोपहर को अचानक गोदाम की तीसरी मंजिल में आग लग गई थी. पटाखों का गोदाम की तीसरी मंजिल में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई. मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचनाा दी. पुलिस ने तत्काल मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी. फायर ब्रिगेड और पुलिस की संयुक्त टीम ने करीब ढ़ाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.

जिला स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 29 व 30 मई को-डा.विशाल गर्ग

हरिद्वार, संवाददाता। हरिद्वार मुक्केबाज़ी संघ के कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। हरिद्वार मुक्केबाजी संध के अध्यक्ष डा.विशाल गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संघ में शामिल हुए नए सदस्यों को दायित्व भी सौंपे गए। डा.विशाल गर्ग ने बताया कि संघ की और से रोशनाबाद स्टेडियम में 29 व 30 मई को दो दिवसीय जिला स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में हरिद्वार जनपद के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। डा.विशाल गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने उत्तराखंड को खेल प्रदेश के रूप में विकसित करने का जो स्वप्न देखा है। हरिद्वार मुक्केबाजी संघ मुख्यमंत्री के उस स्वप्न को साकार करने के लिए प्रयासरत है। खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए तथा खेल के नये नियमो से सभी प्रतिभागियों को अवगत करने हेतु हमेशा कार्यरत रहेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से रोशनाबाद के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेलों के प्रति जगरुखता बढ़ेगी। ग्रामीण बच्चों में मुक्केबाजी खेल के प्रति उत्साह का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

सहसचिव सुधीर जोशी ने कहा कि प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सदस्य श्याम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड को खेलभूमि के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन, खेल छात्रवृत्ति योजना आदि लागू कर खेलों के प्रति समर्पण भाव से सर्व समाज के प्रति विशेष ध्यान दे रहे है। खिलाड़ियों को योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। सचिव नवीन चौहान ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों से जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। आजकल के समय में सभी आरामदायक जीवन जीने के आदी होते जा रहे हैं और खेलों से दूर हो रहे हैं ।

मुक्केबाजी खेल द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इसीलिए रोशनाबाद के आसपास के ग्रामीण परिवेश के बालक-बालिकाओं को मुक्केबाजी में आमंत्रित करने के लिए संघ द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण परिवेश के बालक-बालिकाओं में खेलों और सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी का अभाव होने की वजह से बालक-बालिका खेलों के प्रति उदासीन हो रहे हैं। बैठक में डा.विशाल गर्ग, नरेंद्र सिंह, सुधीर जोशी, शिखा चौहान, श्याम सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, नवीन चौहान, कर्नल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

स्पीकर ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनसमस्याओं को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों से मांगा जवाब

देहरादून (संवाददाता)। विधानसभा अध्यक्ष ने उत्तर भारत में गर्मी के बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए कोटद्वार में हो रही जल आपूर्ति की समस्या के निवारण के लिए कोटद्वार जल संस्थान को पत्र लिखकर जवाब मांगा। उन्होंने बताया कि आजकल कोटद्वार में विभिन्न वार्डों में नलकूप , पाइप लाइन की दिक्कतों के कारण लोगों को पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया गर्मी के बढ़ते तापमान के कारण लोगों को काफी समस्याएं हो रही है आने वाले कल में पानी की दिक्कत ना हो इसके निवारण हेतु विधानसभा अध्यक्ष ने जल संस्थान कोटद्वार को शीघ्र ही कुशलतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कोटद्वार के मोटाढांग क्षेत्र में पेयजल की समस्या का समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ जिसके निवारण हेतु तत्काल प्रभाव से जवाब मांगा गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि हम कोटद्वार में पानी की समस्याओं के निवारण हेतु हर संभव प्रयास करते रहेंगे ताकि लोगों को पेयजल की समस्या से ना जूझना पड़े। विधानसभा अध्यक्ष ने साथ ही सहायक महाप्रबंधक परिवहन निगम कोटद्वार को भी पत्र लिख कर रोडवेज बस अड्डे के निर्माण कार्य में देरी के लिए अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया 10 मार्च 2024 को उनके द्वारा बस अड्डे के निर्माण व सौंदर्यकरण कार्य के लिए लगभग 10 करोड़ की जो राशि स्वीकृत हुई है उसका शिलिन्यास करा गया किंतु विभाग द्वारा डेढ़ माह बीतने के बाद भी अभी तक उसमें कार्य शुरू नही हुआ है । विधानसभा अध्यक्ष ने परिवहन निगम के अधिकारियों से पत्र के माध्यम से जल्द से जल्द कार्य शुरू करवाने के लिए निर्देशित किया है

37 हजार तीर्थ यात्रियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

यात्रा मार्ग पर सात हजार से अधिक यात्रियों ने ली ओपीडी की सुविधा

महानिदेशालय
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
उत्तराखण्ड, देहरादून

देहरादून (संवाददाता)। प्रदेश में चारों धामों सहित यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। यही वजह है कि तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ बखूबी मिल रहा है। अब तक यात्रा मार्गों पर स्थापित विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में 37 हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है जबकि सात हजार से अधिक यात्रियों को ओपीडी की सुविधा मुहैया कराई गई है। आपात स्थिति में तीर्थ यात्रियों को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिये मुख्य चिकित्साधिकारियों को एम्बुलेंस का रिस्पॉस टाइम कम से कम करने के निर्देश दे दिये गये है। इसके अलावा चिन्हित स्थानों पर आवश्यकता अनुरूप अतिरिक्त एम्बुलेंस तैनात करने सहित आवश्यक जीवन रक्षक उपरकण एवं दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सूबे में लागू आदर्श आचार संहिता के बीच निर्वाचन आयोग की अनुमति के उपरांत प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने आज स्वास्थ्य महानिदेशालय स्थित सभागार में चार धाम यात्रा को लेकर विभागीय समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने यात्रा मार्गों पर तीर्थ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिये विभागीय अधिकारियों को जरूरी-दिशा निर्देश दिये। डा. रावत ने बताया कि राज्य में चार धाम यात्रा शुरू हो गई है, जिसमें देश-विदेश से लाखों तीर्थ यात्री शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि चारों धामों सहित यात्रा मार्गों पर राज्य सरकार द्वारा तमाम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है, इसके साथ ही स्वास्थ्य महकमे को अलर्ट मोड़ पर रखा गया है। जिसके फलस्वरूप विभाग ने अबतक चार धाम आने वाले 37 हजार से अधिक यात्रियों की स्वास्थ्य जांच कर दी है। इसके अलावा यात्रा मार्गों पर स्थापित विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में सात हजार से अधिक यात्रियों को ओपीडी की सुविधा मुहैया कराई जा चुकी है। डा. रावत ने बताया कि यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ करने के दृष्टिगत इस वर्ष 49 स्थाई तथा 56 अस्थाई चिकित्सा इकाई स्थापित की गई है। जिनमें रोटेशन के आधार पर 80 विशेषज्ञ चिकित्सक तथा 465 चिकित्साधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा 337 पैरामेडिकल स्टॉफ की भी तैनाती की गई है। चार धाम यात्रा में कुल 156 एम्बुलैंस तैनात की गई है, जिसमें 77 आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस तथा 79 विभागीय एम्बुलेंस शामिल है। विभागीय मंत्री डा. रावत ने बताया कि यात्रा मार्गों पर एम्बुलेंस का रिस्पॉस टाइम कम से कम करने के निर्देश संबंधित जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को दे दिये गये हैं ताकि आपात स्थिति में तीर्थ यात्रियों को समय पर चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कर उनकी जान बचाई जा सके। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्गों पर 50 हेल्थ एटीएम एवं पीओसीटी डिवाइसेज उपलब्ध कराई गई है ताकि यात्रियों की ईसीजी के साथ ही ऑक्सीजन लेवल व रक्तचाप सहित अन्य जरूरी जांचे की जा सके। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये यात्रा मार्गों पर 08 ब्लड बैंक व 02 ब्लड संग्रहण केन्द्र भी संचालित किये जा रहे हैं।

बैठक में डा. रावत ने विभगाय अधिकारियों को तीर्थ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करने, स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर शत-प्रतिशत यात्रियों का मेडिकल स्क्रीनिंग करने, स्वास्थ्य संबंधी गाइडलाइन का पालन करने एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने टोल फ्री नम्बर 104 को और अधिक सक्रिय रखने के निर्देश भी बैठक में दिये।

बैठक में स्वास्थ्य सचिव डा. आर. राजेश कुमार, स्वास्थ्य महानिदेशक डा. विनीता शाह, निदेशक स्वास्थ्य डा. सुनीता टम्टा, डा. तारा आर्य, डा. सबिता हयांकी, डा. भागीरथी जंगपांगी, डा. सुनीता चुफाल, सीएमओ देहरादून डा. संजय जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया।

बाबा केदारनाथ के दर्शन को पहुंची पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा

केदारनाथ (संवाददाता)। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने आज अपराह्न भगवान केदारनाथ के दर्शन किये तथा जन कल्याण एवं देश के सुख समृद्धि की कामना की। पूर्व मुख्यमंत्री आज अपराह्न हैलीकाप्टर से केदारनाथ धाम पहुंची हैलीपैड पर श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) तथा केदार सभा ने उनका स्वागत किया। मंदिर में दर्शन के बाद कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने उन्हें भगवान केदारनाथ का प्रसाद, रूद्राक्ष माला भेंट की। इस अवसर पर बीकेटीसी सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, पुजारी शिवशंकर लिंग, धर्माचार्य ओंकार शुक्ला, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रकाश पुरोहित, कुलदीप धर्म्वाण, प्रबल चौहान आदि मौजूद रहे।

गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की

हरिद्वार, संवाददाता। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने जिला पूर्ति अधिकारी से गैस रिफलिंग कर की जा रही गैस चोरी रोकने की मांग की है। सेठी ने आम लोगों और व्यापारियों से गैस सिलेंडर तोल कर लेने की अपील भी की। सेठी ने बताया कि पिछले कई दिनों से उपभोक्ताओं द्वारा कम गैस मिलने की शिकायत की जा रही है। जो यात्रा सीजन शुरू होते ही और बढ़ गई है। कुछ एजेंसियां अपने काउंटर से उपभोक्ताओं को सिलेंडर ना देकर सिर्फ हाकर्स के द्वारा ही उपलब्ध करवाती हैं। जिससे गैस चोरी की संभावना बढ़ जाती है। सेठी ने बताया कि 5 सिलेंडर से गैस चोरी कर 1 सिलेंडर भरा जाता है। जोकि जनता का सीधा नुकसान है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जिला पूर्ति विभाग जानकारी होने के बावजूद ऐसी एजेंसियों पर कोई कार्यवाही नहीं करता है। न ही कोई नियमित जांच की जाती है। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। नुकसान से बचने और रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए सभी को तोल कर ही सिलेंडर लेना चाहिए। जिला पूर्ति अधिकारी को नियमित जांच के साथ कम गैस देने वाली एजेंसियों पर कार्यवाही करनी चाहिए। मांग करने वालो में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष पंकज माटा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीत कमल, महानगर अध्यक्ष जितेंद्र चौरसिया, महामंत्री नाथीराम सैनी, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील मनोचा, अनिल कोरी, एसएन तिवारी, एसके सैनी, राकेश सिंह, अजितेश कुमार, सोनू चौधरी, उमेश अग्रवाल, दीपक मेहता, भूदेव शर्मा आदि भी शामिल रहे।

हरिद्वार ट्रेवल्स एसोसिएशन ने चारधाम यात्रा के लिए प्रतिदिन मांगे सौ स्लॉट

हरिद्वार (संवाददाता)। हरिद्वार ट्रेवल्स एसोसिएशन ने रविवार को बैठक कर रजिस्टर्ड ट्रेवल कारोबारियों को प्रतिदिन चारधाम के लिए सौ स्लॉट देने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश पालीवाल ने कहा कि सरकार को सीमित संख्या को खत्म करना चाहिए। लेकिन जब तक यह सीमित संख्या लागू है तब तक उत्तराखंड टूरिज्म डवलपमेंट बोर्ड रजिस्टर्ड लोकल एजेंट एवं जीएसटी नंबर वाले एजेंट को स्लॉट दिए जाएं।

DAILY SERVICE
MISHRA TOUR & TRAVELS
MISHRA TRANSPORTER & TOUR ORGAN

हरिद्वार ट्रेवल्स एसोसिएशन ने बैठक कर रजिस्टर्ड ट्रेवल व्यावसायियों को रोजाना सौ स्लॉट उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। उमेश पालीवाल ने कहा कि इस प्रक्रिया का लाभ यात्रियों एवं प्रशासन भी मिलेगा। एक तरफ जहां दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों को आसानी से रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिल पाएगी। वहीं प्रशासन द्वारा लगाए गए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भीड़ का दबाव कम होगा। इससे हम चारधाम कारोबारियों के व्यवसाय में भी इजाफा होगा। कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था से सभी को ही सहुलियत मिलेगी। बैठक में धर्मेंद्र मिश्रा, गोपाल, बबलू ठाकुर, शंभु सिंह, नंदकिशोर, दीपक चौधरी आदि मौजूद रहे।

उम्र के अंतिम पड़ाव पर रस्किन बांड ने खुद पर लिखी कहानी

देहरादून । जाने माने अंग्रेजी लेखक रस्किन बांड ने खुद के जीवन पर लिखी कहानी को एक किताब के रूप में प्रकाशित किया है।'द हिल्स ऑफ एंचेंटमेंट का उन्होंने मसूरी में मंगलवार को विमोचन किया। 90 साल के हो चुके रस्किन बांड ने 1951 में पहली कहानी लिखी थी और इसके बाद से वह लगातार लिखते आ रहे हैं। एलएफ प्रकाशन से प्रकाशित द हिल्स ऑफ एचेंटमेंट (जादू की पहाड़ी) पुस्तक के विमोचन मौके पर रस्किन बांड ने अपने पाठकों को शुभकामनाएं भी दी।

रस्किन बांड देश के ऐसे अंग्रेजी लेखक हैं जो सबसे अधिक पढ़े जाते हैं। उम्र के अंतिम पड़ाव में भी पाठकों के लिए लिख रहे हैं। एक लेखक के रूप में अपने अनुभवों और जीवन में घटित घटनाओं को अपनी पुस्तक में स्थान दिया है। वह कहते हैं सुंदर पहाड़ों, एकांत माहौल, घर की खिड़की से देखने वाली फेयरी हिल ने उनके कार्य का प्रभावित किया। रस्किन बॉड ने कहा कि वह जो भी लिखते है वह अपने जीवन से जुड़े अनुभवों पर ही लिखते हैं, जिसे पाठक पसंद करते हैं। यही बात उन्हें इस उम्र में भी लिखने के लिए प्रेरित करती है। वह कहते हैं उनकी पहली कहानी 1951 में स्टेट वीकली में छपी थी, उसके बाद से लिखना कभी रुका नहीं। उन्होंने पुस्तक विमोचन के मौके पर अपने पाठकों के लिए शुभकामनाएं दी, कहा कि सभी खुश रहे, पूरे विश्व में खुशी रहे।

डीएम ने जनमानस की समस्याएं सुनी, 96 शिकायतें प्राप्त

देहरादून (सू.का)। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने आज ऋषिपर्णा सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जनमानस की समस्याएं सुनी आज 96 शिकायतें प्राप्त हुई , जिन में भरण पोषण के मामले, उरेणा, आपदा राशि दिलवाने, आपसी विवाद, धोखा धड़ी, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास अतिक्रमण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम के अधिकारियों एवं उपजिलाधिकारी सदर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी की बर्बादी की शिकायतों पर जल संस्थान एवं पेयजल निगम के अधिकारियों को संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने के साथ ही पेयजल बर्बादी की शिकायतों पर निरंतर कार्यवाही दिलवाने, दीपनगर में पानी का दुरूपयोग, आशारोड़ी में भूमाफियों द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा किये जाने, किन्नरों द्वारा मनमाने ढंग से सगुन की राशि मांगे जाने आदि शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनमानस की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया अपने-अपने क्षेत्रार्न्तगत प्राप्त भूमि संबंधी शिकायतों पर मौका मुआवना करते हुए नियामानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। साथ ही भरण पोषण के प्रकरणों पर गंभीरता से कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने आशारोड़ी क्षेत्र में सरकारी भूमि पर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं रामजी शरण शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार , उपजिलाधिकारी सदर हरगिरी, उपजिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विद्याधर कापड़ी, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, अधि0अभि0 सिचांई राजेश लांबा, अधि0अभि0 विद्युत राकेश कुमार सहित एमडीडीए, पेयजल निगम, जल संस्थान, शिक्षा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

श्री गंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ की पुत्री अगस्त्या वशिष्ठ ने 12वीं में प्राप्त किए 96.4 फीसदी अंक

हरिद्वार,संवाददाता। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सोमवार को घोषित किए गए 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में धर्मनगरी हरिद्वार के कई होनहार छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परीक्षा पास की है। श्री गंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ की पुत्री अगस्त्या वशिष्ठ ने 96.4 फीसदी अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा पास की है।

डीपीएस रानीपुर की कॉमर्स की छात्रा अगस्त्या वशिष्ठ की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। अगस्त्या के पिता तन्मय वशिष्ठ ने बताया कि अगस्त्या ने बिना किसी ट्यूशन के कड़ी मेहनत के दम पर इतने ज्यादा नंबर प्राप्त किए हैं। ये एक बड़ी उपलब्धि है। ये अगस्त्या की मेहनत और मां गंगा की कृपा से ही संभव हो सका है। अगस्त्या का कहना है कि माता-पिता के आशीर्वाद और सहयोग से उन्होंने अच्छे नंबरों से 12वीं की परीक्षा पास की है। परीक्षा का परिणाम उनकी उम्मीदों के मुताबिक ही रहा है। अब वे दिल्ली यूनिवर्सिटी से इकॉनॉमिक्स ऑनर्स में ग्रेजुएशन के लिए तैयारी शुरू करेंगी।

स्वामी,मुद्रक व प्रकाशक अवनीश कुमार द्वारा भगवती प्रिंटर्स,इण्डस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार से छपवाकर ग्रा. बसवाखेड़ी पो. मंगलौर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड़) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः अवनीश कुमार, मो0 9410553400
ई-मेलः liveskgnews@gmail.com
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय में ही होगा)
सभी लेखों में सम्पादक की सहमति जरूरी नही है।